राजनीतिक

- **अब मोदी और शाह के बीच रिश्ता मजबूत!**

कमजोर प्रधानमंत्री की खबरों के बीच लोगों का कहना है कि नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह के बीच रिश्ता और मजबूत हो गया है।

- **प्रधानमंत्री ने मंत्रियों को दिए चार सूत्री मंत्र**

परफॉर्म, रिफॉर्म, ट्रांसफॉर्म, इनफॉर्म- मंत्रियों के लिए पीएम नरेंद्र मोदी का चार सूत्री मंत्र। अब मंत्रियों की भूमिका के आधार पर उनके प्रदर्शन का आकलन इसी प्रारूप पर किया जाएगा।

प्रशासनिक

- **राज्यों में सीएस और डीजी होंगे दिल्ली की पसंद?**

हाल ही में राज्यों में मुख्य सचिव और महानिदेशक की नियुक्तियां प्रधानमंत्री और गृह मंत्री द्वारा की गई हैं-ओडिशा, राजस्थान, बिहार आदि। यह एक स्पष्ट संकेत है कि राज्यों में मुख्य सचिव और महानिदेशक की नियुक्ति दिल्ली के अधिकारियों द्वारा की जाती है।

- **1989 बैच के आईएएस ने भारत सरकार में बनाया रिकॉर्ड!**

वर्तमान में भारत सरकार में 1989 बैच के 15 आईएएस सचिव हैं। यह एक रिकॉर्ड है, क्योंकि किसी भी बैच के इतने सारे सचिव भारत सरकार में सेवा नहीं कर रहे हैं।

- **क्या राजस्थान कैडर के एक आईपीएस को गृह मंत्रालय में महत्वपूर्ण पद मिलेगा?**

राजस्थान कैडर के एक आईपीएस अधिकारी को गृह मंत्रालय में महत्वपूर्ण पद मिलने की संभावना है। इस पर नजर रखी जा सकती है।

- **प्रवर्तन के अतिरिक्त निदेशक का पद विज्ञापित**

प्रवर्तन निदेशालय में प्रतिनियुक्ति के आधार पर अतिरिक्त प्रवर्तन निदेशक का पद विज्ञापित किया गया है।

- **सीबीआई ने भ्रष्टाचार के मामले में एजीएमयूटी कैडर के आईएएस अधिकारी के खिलाफ आरोप पत्र दायर किया**

केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने अरुणाचल प्रदेश में डिप्टी कमिश्नर के पद पर तैनाती के दौरान भ्रष्टाचार/सार्वजनिक धन के दुरुपयोग से संबंधित एक मामले में एजीएमयूटी कैडर के 2003 बैच के आईएएस अधिकारी के खिलाफ आरोप पत्र दायर किया है।

- **राम मोहन राव एसबीआई के नए एमडी होंगे**

वित्तीय सेवा संस्थान ब्यूरो ने भारतीय स्टेट बैंक के प्रबंध निदेशक पद के लिए राम मोहन राव अमारा की सिफारिश की है। वे वर्तमान में एसबीआई के डीएमडी हैं।

- **सुश्री शालिनी सिंह पुडुचेरी की डीजीपी नियुक्त**

श्रीमती शालिनी सिंह को पुडुचेरी का पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) नियुक्त किया गया है। वह एजीएमयूटी कैडर की 1996 बैच की अधिकारी हैं।

- **राहुल एस एनआईए के डीआईजी नियुक्त**

पंजाब कैडर के 2008 बैच के आईपीएस अधिकारी राहुल एस को राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) में उप महानिरीक्षक नियुक्त किया गया है।

- **अभिजीत मजूमदार को ऑयल इंडिया लिमिटेड का निदेशक (वित्त) चुना गया**

ऑयल इंडिया लिमिटेड के सीजीएम अभिजीत मजूमदार को 2 सितंबर, 2024 को आयोजित सार्वजनिक उद्यम चयन बोर्ड (पीईएसबी) की बैठक में ऑयल इंडिया लिमिटेड (ओआईएल) के निदेशक (वित्त) के पद के लिए चुना गया है। इसके लिए 12 व्यक्तियों का साक्षात्कार लिया गया था।

- **एनएमडीसी के सीएमडी की तलाश शुरू**

भारत सरकार ने एनएमडीसी लिमिटेड के अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक के पद के लिए उम्मीदवार की तलाश शुरू कर दी है।

- **नेपा लिमिटेड के सीएमडी के लिए साक्षात्कार आज**

सार्वजनिक उद्यम चयन बोर्ड (पीईएसबी) 4 सितंबर, 2024 को नेपा लिमिटेड के अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक के पद के लिए साक्षात्कार आयोजित कर रहा है।

- **पीईएसबी ने बीईएमएल लिमिटेड में निदेशक (डीबी) के पद के लिए रिक्ति का विज्ञापन दिया**

सार्वजनिक उद्यम चयन बोर्ड (पीईएसबी) ने बीईएमएल लिमिटेड में निदेशक (रक्षा व्यवसाय) के पद के लिए रिक्तियां जारी की हैं। आवेदन 16 सितंबर तक स्वीकार किए जाएंगे।

- **डीएस, सीईपीआई, मुंबई के लिए अंतिम तिथि बढ़ाई**

गृह मंत्रालय के अंतर्गत मुंबई स्थित भारत के शत्रु संपत्ति अभिरक्षक कार्यालय (सीईपीआई) में प्रतिनियुक्ति के आधार पर उप सचिव (स्तर-12) के पद को भरने के लिए नामांकन जमा करने की अंतिम तिथि बढ़ा दी गई है। संशोधित तिथि 12 सितंबर है।

- **संजय दुबे को मध्य प्रदेश में मुख्य सचिव पद पर पदोन्नत किया गया**

मध्य प्रदेश कैडर के 1993 बैच के आईएएस अधिकारी संजय दुबे को मध्य प्रदेश में मुख्य सचिव पद पर पदोन्नत किया गया है।

- **गोवा सीआईसी और आईसी का चयन**

गोवा के पूर्व खुफिया प्रमुख और मुख्य आव्रजन अधिकारी अरविंद कुमार एच नायर को राज्य मुख्य सूचना आयुक्त (एससीआईसी) और मुख्यमंत्री के ओएसडी आत्माराम बर्वे को राज्य सूचना आयुक्त (एसआईसी) के रूप में चुना गया है।

- **आईपीआरसीएल ने जीएम- प्रोजेक्ट्स एवं कॉन्ट्रैक्ट्स पद के लिए विज्ञापन दिया**

भारतीय बंदरगाह रेल और रोपवे निगम (आईपीआरसीएल) ने प्रतिनियुक्ति के आधार पर अहमदाबाद-एनएमएचसी (लोथल) स्थान के लिए महाप्रबंधक (परियोजनाएं और अनुबंध) के पद के लिए विज्ञापन दिया है। आवेदन 20 सितंबर, 2024 तक या उससे पहले पहुंचने चाहिए।

- **एस. अलगरसामी का रेलवे से इस्तीफा**

एस अलगरसामी ने 2 सितंबर 2024 से रेलवे सेवा छोड़ दी है। वह एक एसजी/आईआरएसई अधिकारी हैं।

देश के जवान असली राष्ट्र नायक : आदित्यनाथ

लखनऊ।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि आज हमारे देश की सीमाएं सुरक्षित हैं। हम हर चुनौती का सामना कर सकते हैं। हमारी सेना एक सुरक्षा ढांचा ही नहीं बल्कि देश की नींव भी है। हमारे जवान देश की सुरक्षा के प्रति तत्पर रहते हैं। वो हमारे असली राष्ट्र नायक हैं।

सेना की ओर से आयोजित सशस्त्र सैन्य समारोह के उद्घाटन अवसर पर मुख्यमंत्री योगी ने मंगलवार को कहा कि इस भव्य समारोह को देखने और सशक्त आत्मनिर्भर हो रहे सुरक्षाबलों के प्रदर्शन से प्रसन्नता की अनुभूति हुई। रक्षामंत्री का, लेफ्टिनेंट जनरल का हृदय से आभार, राजधानी लखनऊ में इस समारोह को आयोजित करने के लिए धन्यवाद देता हूँ। उन्होंने कहा कि हम जानते है कि भारतीय सेना दुनिया की अद्वितीय सेना है, जिसने सदैव अपनी ताकत अनुशासन, तकनीकी क्षमता का लोहा दुश्मनों को मनवाया है, जबकि देश के अंदर भी सम विषम परिस्थितियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन व सहयोग हमेशा दिया है। ये समारोह प्रधानमंत्री के एकीकृत कमान, जिसमे थल जल नभ तीनो सेनाओं के एकीकृत समन्वय से कैसे हम दुश्मन को परास्त कर विजय प्राप्त कर सकते हैं, इसकी झांकी देखने को मिला है। सीएम योगी ने कहा कि हमारी सुदृढ़ हो रही रक्षा शक्ति के प्रदर्शन को देखा। सेना के श्वान दस्ते घुड़सवार दल का उत्कृष्ट प्रदर्शन देखा। हमारी सेना को एक पेशेवर दक्षता का प्रतीक बनाती है। यह समारोह तीनो सेनाओं के बेहतरीन समन्वय का उत्कृष्ट पर्दशन है। यह राष्ट्रीय सुरक्षा ढांचे के प्रति 140 करोड़ देशवासियों को आश्वस्त करती है। आज हमारे देश की सीमाएं सुरक्षित हैं। हम हर चुनौती का सामना कर सकते हैं। हमारी सेना एक सुरक्षा ढांचा ही नहीं बल्कि देश की नींव भी है।

हमारे जवान देश की सुरक्षा के प्रति तत्पर रहते हैं। वो हमारे असली राष्ट्रनायक है। आज भारत विपरीत परिस्थितियों के बावजूद अपनी सीमाओं की सुरक्षा को मजबूत व बड़े से बड़े षड्यंत्र को नेस्तनाबूद करने में सक्षम है। हमारा सौभाग्य है, देश की आबादी का सबसे बड़ा राज्य उत्तर प्रदेश है जिसमे देश की 25त्रआबादी निवास करती है। यह वीरों की धरती है। हमारे नौजवान ने देश प्रदेश का अनेक अवसरों पर गौरव बढ़ाया है।

देश की रक्षा के लिए प्राण आहुति देने वाले नौजवानों के परिजनों को 50 लाख,आश्रित को सरकारी नौकरी में समायोजन और शहीद के स्मारक का स्थापित करने का कार्य करती है। सीएम योगी ने कहा कि हमारे देश मे रक्षा के प्रति आत्मनिर्भरता बढ़ी है।

उत्तर प्रदेश में डिफेंस नोड स्थापित हो रहा हैं। डिफेंस कॉरिडोर में लखनऊ में ब्रह्मोस का निर्माण, झांसी नोड में भारत डायनमिक्स यूनिट द्वारा आत्मनिर्भर बनाया जा रहा है। राष्ट्र रक्षा कार्य मे उत्तर प्रदेश सदैव अग्रणी भूमिका निभाने को तत्पर है। डिफेंस कॉरिडोर में ये आयोजन बहुत महत्वपूर्ण साबित हो रहा है। यह आयोजन सशस्त्र सैन्य समारोह हमारे समाज और हमारी नई पीढ़ी को प्रेरणा देगा।

कानपुर में एक सप्ताह चलेगा निराश्रित गौ संरक्षण अभियान

कानपुर। पशुपालन एवं पशुधन विभाग कानपुर नगर में इस सप्ताह निराश्रित पशु संरक्षण अभियान चलाया जा रहा है। यह अभियान एक सितंबर से 07 सितम्बर तक चलेगा। प्रतिदिन कैटिल कल्चर के सहयोग से ऐसे गो वंशजों को गोशाला में संरक्षित किया जा रहा है। यह जानकारी मंगलवार को मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी कानपुर नगर आईडीएन चतुर्वेदी ने दी।

उन्होंने बताया कि जनपद में 90 न्याय पंचायत स्तर पर 90 नोडल अधिकारी बनाए गए हैं। 90 ग्राम विकास अधिकारी, ग्राम पंचायत अधिकारियों को बनाया गया है। यह अभियान कैटिल कल्चर की टीम से सहयोग लेकर क्षेत्र में मिलने वाले निराश्रित गोवंश को गोशाला भेजकर संरक्षित कराया जा रहा है। इस कार्य में ग्रामीण क्षेत्र के प्रधानों का भी सहयोग लिया जा रहा है।

गणपति की मूर्तियों को अंतिम रूप देने में जुटे मूर्तिकार

महोबा।

गणेश चतुर्थी को लेकर तैयारियां शुरू हो गई है। गणेश प्रतिमाओं को मूर्तिकारों के द्वारा अंतिम रूप दिया जा रहा है। भक्तों द्वारा गणपति के उत्सव को धूमधाम से मनाने की तैयारियां जोरों पर चल रही है। मूर्तिकार के पास दो हजार से लेकर दस हजार रुपये तक की मूर्तियां उपलब्ध हैं।

कोलकाता के मूर्तिकार केके दास ने मंगलवार को बताया कि वह पिछले 30 वर्षों से मूर्तियां बनाने का काम कर रहे हैं। इन दिनों गणपति की मूर्तियां तैयार की जा रही हैं। बप्पा की मूर्तियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। उनके पास दो हजार रुपये से लेकर दस हजार तक की मूर्तियां उपलब्ध हैं। रामनगर में कलेक्ट्रेट मोड़ के पास मूर्तिकार द्वारा गणपति की विभिन्न स्वरूपों की मूर्तियां तैयार की जा रही है। उन्होंने बताया कि मूर्ति को तैयार करने में इस समय महंगाई का असर दिख रहा है।

मूर्ति बनाने के लिए मिट्टी प्रयागराज से मंगाई जा रही है, जबकि धान का पियार अतर्रा से व साज सज्जा का सामान कोलकाता से मंगाया जा रहा है। वहीं रंग और पेंट मुंबई से मंगाया जा रहा है।

उल्लेखनीय है कि इन दिनों जिले भर में भक्तों में गणपति उत्सव को लेकर उत्साह देखने को मिल रहा है। शहर से लेकर गांव तक धूमधाम से उत्सव मनाने की तैयारी चल रही है। इस बार गणेश चतुर्थी का पर्व 7 सितंबर से शुरू होने वाला है।

भाजपा का सदस्यता अभियान वैचारिक और भावनात्मक आंदोलन : दयाशंकर सिंह

बलिया । जिले भर में भाजपा का सदस्यता अभियान पहले ही दिन से गति पकड़ चुका है। भाजपा के छोटे-बड़े नेता लोगों को पार्टी से जोड़ने के लिए पूरा जोर लगा रहे हैं। बलिया नगर से विधायक व परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह ने लोगों से देशहित में भाजपा से जुड़ने की अपील की है।

उन्होंने मंगलवार को जारी बयान में कहा कि हमारे लिए सदस्यता यानी अपने देशहित में समर्पित भाजपा परिवार का विस्तार है। हमारे परिवार में अगर किसी का जन्म होता है तो खुशी होती है। हमारे परिवार में शादी करके कोई बहू आती है तो परिवार के विस्तार का जो आनंद होता है वैसा ही आनंद बीजेपी में जब कोई नया सदस्य बनता है तो मिलता है। उन्होंने कहा कि लोग भाजपा से जुड़ रहे हैं तो परिवार के विस्तार का आनंद महसूस हो रहा है। इसलिए विश्व के सबसे बड़े राजनीतिक संगठन भाजपा का सदस्यता अभियान आंकड़ों का खेल मात्र नहीं है। यह सदस्यता अभियान पूर्णरूप से वैचारिक और भावनात्मक आंदोलन भी है। परिवहन मंत्री ने अपील करते हुए कहा कि आइए इस आंदोलन से जुड़कर विकसित भारत के निर्माण का मार्ग प्रशस्त करने में सहभागी बनें।

सीआईएसएफ के 1047 जवान संभालेंगे जेवर एयरपोर्ट की सुरक्षा

लखनऊ।

उत्तर प्रदेश के जेवर में बन रहे एशिया के सबसे बड़े एयरपोर्ट नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट की सुरक्षा को लेकर अभी से कमर कस ली गई है। केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) के 1047 जवान एयरपोर्ट सुरक्षा की कमान संभालेंगे। इस सम्बंध एक प्रस्ताव बनाकर गृह मंत्रालय भेजा गया था, जिसको हरी झंडी मिल गई है।

अभी करना होगा इंतजार : एयरपोर्ट से फ्लाइट शुरू होने में अभी लोगों को इंतजार करना होगा। पहले तय था कि फ्लाइट दिसम्बर 2024 में उड़ेगी। अब यह सीमा बढ़ाकर अप्रैल 2025 कर दी गई है। लेकिन यदि जानकारों की मानें तो फ्लाइट 2025 के अंत तक ही शुरू हो पाएगी। एयरपोर्ट उपकरणों की जांच के लिए सितम्बर व अक्टूबर में इंस्ट्रूमेंट लैंडिंग सिस्टम की जांच होगी, जबकि दिसम्बर में वैलिडेशन और टेस्ट फ्लाइट के बाद एयरोड्रोम लाइसेंस के लिए आवेदन होगी। प्रक्रिया पूरी होने के बाद ही आगे की स्थिति तय होगी।

मुख्य सचिव की अध्यक्षता में हुई बैठक : एयरपोर्ट पर सुरक्षा सम्बंधित मुद्दे पर प्रदेश के मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह की अध्यक्षता में लखनऊ में बैठक हुई थी। जिसमें गृह मंत्रालय को प्रस्ताव भेजने पर सहमति बनी थी और अब उस प्रस्ताव को मंजूरी मिल गई है। प्रस्ताव में यह भी कहा गया है कि सुरक्षा बल के जवानों के रहने के लिए व्यवस्था यमुना इंटरनेशनल एयरपोर्ट प्राइवेट लिमिटेड कम्पनी करेगी।

जवानों को दो श्रेणी में मिलेगा आवास : एयरपोर्ट की सुरक्षा की कमान संभालने वाले जवानों को दो श्रेणी में आवास मिलेंगे। अविवाहित जवानों के लिए छात्रावास की तरह सुविधा मौजूद रहेगी जबकि शादी-शुदा जवानों के परिवार को ध्यान में रखते हुए आवासीय सुविधा प्रदान की जाएगी।

जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार द्वारा श्री जगदीश आ. स्व. बटनलाल निवासी ग्राम बदरखा सड़क तहसील हुजूर जिला भोपाल से उनके स्वामित्व की कृषि भूमि खसरा नं. 282 (एस) कुल रकबा 0.5900 हेक्टेयर में से 40 डेसीमल स्थित ग्राम बदरखा सड़क पटवारी हल्का चंदूखेड़ी तहसील हुजूर जिला भोपाल को क्रय किया जाना तय हुआ है। तत्संबंध में टोकन एडवांस राशि भी अदा कर दी गई है तथा विक्रय पत्र निष्पादित व पंजीयन कराना शेष है। उपरोक्त संव्यवहार के संबंध में यदि किसी व्यक्ति अथवा संस्था अथवा बैंक को कोई आपत्ति हो तो वह इस जाहिर सूचना के प्रकाशन से 7 दिवस की समयावधि के भीतर मय दस्तावेजों के लिखित आपत्ति मुझे प्रस्तुत करें अन्यथा की दशा में उक्त समयावधि के पश्चात किसी आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा और मेरा पक्षकार उपरोक्त वर्णित कृषि भूमि के संबंध में विक्रय पत्र निष्पादित व पंजीयन कराने के लिए स्वतंत्र होगा।

मनोज शर्मा, अधिवक्ता
कार्या. चेम्बर नं. 123, उत्तमचंद इसराणी लॉ चेम्बर अरेरा हिल्स भोपाल म.प्र.
मो. नं. 9893168375
1715

कार्यालय सम्पदा अधिकारी, म.प्र. गृह निर्माण एवं अधो. विकास मंडल प्रक्षेत्र-1, गोमंतिका परिसर, जवाहर चौक भोपाल

आम सूचना

हाऊसिंग बोर्ड कालोनी, करोंद बैरसिया रोड भोपाल में स्थित शेड क्रमांक 465/ए मण्डल द्वारा श्री जुजर हुसैन आत्मज स्व. श्री अब्बास हुसैन के नाम से हस्तांतरित है। उक्त सम्पत्ति का विक्रय विलेख पंजीयन कार्यालय से दिनांक 20.5.1992 को एवं लीज नवीनीकरण दिनांक 2.09.2024 को पंजीकृत है। श्री जुजर हुसैन आत्मज स्व. श्री अब्बास हुसैन द्वारा उक्त सम्पत्ति श्रीमती मुबारिका बानो पत्नी श्री हातिम अली को विक्रय विलेख के माध्यम से विक्रय कर दिया है। जिसका विक्रय विलेख दिनांक 3.09.2024 को पंजीयन कार्यालय से पंजीकृत है। क्रेता/विक्रेता द्वारा आवेदन, शपथ पत्र, संयुक्त शपथ पत्र, विक्रय विलेख की छायाप्रति प्रस्तुत करते हुए उक्त सम्पत्ति श्रीमती मुबारिका बानो पत्नी श्री हातिम अली के पक्ष से हस्तांतरित करने हेतु दस्तावेज प्रस्तुत किया गया है। उक्त दस्तावेजों के आधार पर उक्त सम्पत्ति के हस्तांतरण की कार्यवाही की जा रही है। यदि उक्त संपत्ति के संबंध में किसी व्यक्ति/उत्तराधिकारी/ संस्था/ वित्तीय संस्था इत्यादि को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस के अन्दर लिखित रूप से मय सबूत के साथ इस कार्यालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत करें। समयावधि समाप्त होने के पश्चात कोई भी आपत्ति स्वीकार नहीं की जावेगी एवं मण्डल नियमानुसार कार्यवाही करने हेतु स्वतंत्र रहेगा।

सम्पदा अधिकारी,
म.प्र. गृह निर्माण एवं अधो. विकास मंडल प्रक्षेत्र-1, भोपाल
1716

कार्यालय सम्पदा अधिकारी, म.प्र. गृह निर्माण एवं अधो. विकास मंडल प्रक्षेत्र-1, गोमंतिका परिसर, जवाहर चौक भोपाल

आम सूचना

हाऊसिंग बोर्ड कालोनी, नेहरू नगर भोपाल (म.प्र.) में स्थित फ्लेट क्रमांक जूनियर एम.आई.जी./डी. 383 (भूतल) मण्डल द्वारा श्रीमती पदमा देवी वासवानी पत्नी श्री हीरानंद वासवानी के नाम से आवंटित है। उक्त सम्पत्ति का आवंटन आदेश दिनांक 5.3.1988 को किया गया है। श्रीमती पद्मा देवी वासवानी पत्नी श्री हीरानंद वासवानी द्वारा उक्त सम्पत्ति श्री विशाल वासवानी आत्मज श्री प्रकाश वासवानी के पक्ष में हस्तांतरित करने हेतु दस्तावेज प्रस्तुत किए हैं। हस्तांतरणकर्ता हस्तांतरणग्रहिता द्वारा आवेदन, शपथ पत्र, परिचय पत्र व अन्य दस्तावेज प्रस्तुत कर उक्त सम्पत्ति श्री विशाल वासवानी आत्मज श्री प्रकाश वासवानी के नाम उक्त सम्पत्ति हस्तांतरण हेतु दस्तावेज प्रस्तुत किए हैं। उक्त दस्तावेजों के आधार पर उक्त सम्पत्ति के हस्तांतरण की कार्यवाही की जा रही है। यदि उक्त संपत्ति के संबंध में किसी व्यक्ति/उत्तराधिकारी/संस्था/ वित्तीय संस्था इत्यादि को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस के अन्दर लिखित रूप से मय सबूत के साथ इस कार्यालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत करें। समयावधि समाप्त होने के पश्चात कोई भी आपत्ति स्वीकार नहीं की जावेगी एवं मण्डल नियमानुसार कार्यवाही करने हेतु स्वतंत्र रहेगा।

सम्पदा अधिकारी,
म.प्र. गृह निर्माण एवं अधो. विकास मंडल प्रक्षेत्र-1, भोपाल
1717

खण्डन सूचना

(कावेरी गृह निर्माण सहकारी संस्था मर्या. भोपाल से सबंधित)

कथित व्यक्तियों के द्वारा स्वय को कावेरी गृह निर्माण सहकारी संस्था का सदस्य वताते हुए 35 वर्ष से हक पाने के लिये भटक रहे एक दर्जन सदस्य शीर्षक के अन्तर्गत असत्य समाचार का प्रकाशन कराया गया है वास्तविकता यह है कि कावेरी गृह निर्माण के द्वारा अपने सैकड़ों पात्रताधारी सदस्यों की आवास समस्या का सफलतापूर्वक निराकरण किया गया है कतिपय सदस्सय जो पात्रताधारी नहीं थी व कार्यालय कलेक्टर जिला भोपाल के समक्ष आयोजित समीक्षा दिनांक 26.08.2010 के निर्णय अनुसार अल्प राशि जमा कर्ता थे उन्हें भूखण्ड प्रदान करने का प्रश्न ही उत्पन्न ही होता समाचार दुर्भावनापूर्ण होने से खण्डन प्रकाशित है।

रोहित प्र. श्रोती, अधिवक्ता
एफ-9 गुरूकृपा काम्पलेक्स प्लाट नं. 9-10 जोन -1 महाराणा प्रताप नगर, भोपाल
मोबाईल नं. 9827229367
1718

आपका राशिफल 04 सितम्बर

मेष (चू चे चो ला ली लू ले लो आ): जमीन जायदाद का लाभ भी हो सकता है। आवास, मकान तथा वाहन की सुविधाएं मिलेंगी। कर्ज तथा रोगों से मुक्ति भी संभव है। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। रुपए पैसों की सुविधा मिल जाएगी। दैनिक सुख सुविधा में वृद्धि व खर्चा बढ़ेगा। शुभांक 2 4 6

वृष (इ उ ए ओ वा वी वू वे वो): यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। बनते हुए कार्यों में बाधा आएगी। कुछ आर्थिक चिंताएं भी कम होंगी। नियोजित धन से लाभ होने लगेगा। घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहालों से भी मुक्ति मिलने लगेगी। शुभांक 3 4 5

मिथुन (का की कू घ ङ छ के को हा): बढ़ते पारे से कुछ राहत मिलने लगेगी। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। मित्रों से सावधान रहें तो ज्यादा उत्तम है। ज्ञानार्जन का वातावरण बनेगा। धार्मिक स्थलों की यात्रा का योग। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। शुभांक-2-4-5

कर्क (ही हू हे हो डा डी डू डे डो): शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। संतोष रखने से सफलता मिलेगी। नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी। शैक्षणिक क्षेत्र में उदासीनता रहेगी। मित्रों की उपेक्षा करना ठीक नहीं रहेगा। कार्यक्षेत्र में तनाव पैदा होगा। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। खान-पान में सावधानी रखें। शुभांक-4-6-7

सिंह (मा मी मू मे मो टा टी टू टे): महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंगे। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। शुभांक-1-6-8

कन्या (टो पा पी पू ष ण ठ पे पो): शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। बुरी संगति से बचें। नौकरी में सावधानी पूर्वक कार्य करें। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। कोई धार्मिक यात्रा करेंगे। शुभांक 2 5 7

तुला (रा री रु रे रो ता ती तू ते): सुबह सुबह की महत्वपूर्ण सिद्धि के बाद दिन भर उत्साह रहेगा। किसी लाभदायक कार्य के लिए व्ययकारक स्थितियां आज पैदा होंगी। प्रसन्नता के साथ सभी जरूरी कार्य बनते नजर आएंगे। सभा-सोसायटी में सम्मान मिलेगा। प्रतिष्ठा बढ़ाने वाले कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। शुभांक-3-5-7

वृश्चिक (तो ना नी नू ने नो य यी यू): कई प्रकार के हर्ष उल्लास के बीच आमोद-प्रमोद का दिन होगा। व्यावसायिक प्रगति भी होगी। स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। शुभांक-2-4-6

धनु (ये यो भा भी भू धा फा ढा भे): प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। मनोरथ सिद्धि का योग है। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। स्त्री संतान पक्ष का सहयोग मिलेगा। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। शुभांक 4 6 8

मकर (भो जा जी खी खू खे खो गा गी): कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते हैं। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। सुख-आनंद कारक समय है। लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। सक्रियता से अल्प लाभ का हर्ष होगा। शुभांक-6-7-9

कुंभ (गू गे गो सा सी सू से सो दा): दिन-भर का माहौल आडंबरपूर्ण और व्ययकारी होगा। बहुत लोगों से कहासुनी वातावरण में तनाव पैदा करेंगे। संयमित भाषा का इस्तेमाल करें। कुछ कार्यक्रम बदलने होंगे। आवेग में आकर किये गए कार्यों का ग्लान, अवसाद रहेगा। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। आध्यात्मिक रुचि बनेगी। शुभांक 3 5 7

मीन (दी दू थ झ ञ दे दो चा ची): व्यवसायिक अभ्युदय भी होगा और प्रसन्नताएं भी बढ़ेगी। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। अधिकारी वर्ग से आपकी निकटता बढ़ेगी। धर्म कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। रुका हुआ लाभ आज प्राप्त हो सकता है। नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। शुभांक-2-4-6

कार्यालय : रजिस्ट्रीकरण अधिकारी तकनीकी विद्युत कर्मचारी सहकारी साख सहकारी संस्था मर्यादित, भोपाल
(पंजी. क्र./ए.आर.बी./839, दि. 19.03.1997)
क्रमांक/निर्वा./अधि./2024/03
दिनांक : 3.9.2024

सूचना

संस्था के समस्त सम्माननीय सदस्यों को सूचित किया जाता है कि संस्था के संचालक मण्डल के सदस्यों का निर्वाचन साधारण सम्मेलन/विशेष साधारण सम्मेलन में सम्पन्न होना है। अतः संस्था की सदस्यता सूची का प्रकाशन संस्था के नोटिस बोर्ड, उप पंजीयक सहकारी संस्थाएँ, डी-ब्लॉक, पुराना सचिवालय, भोपाल, विकासखण्ड फंदा एवं भोपाल को-आपरेटिव बैंक लिमिटेड, शाखा छोला रोड, भोपाल के सूचना पटल पर दिनांक 3/9/2024 को किया गया है। यदि किसी भी सदस्य को इस पर कोई दावा या आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो दिनांक 3/9/2024 से 10/09/2024 तक कार्यालयीन दिवस में मुझे कार्यालय- उप पंजीयक सहकारी संस्थाएँ, डी-ब्लॉक, पुराना सचिवालय, भोपाल में कार्यालयीन समय में दोपहर 12 से 02 बजे तक सप्रमाण लिखित में प्रस्तुत कर सकते हैं तथा प्राप्त दावे एवं आपत्तियों का निराकरण कार्यालय उप पंजीयक सहकारी संस्थाएँ, डी-ब्लॉक, पुराना सचिवालय, भोपाल में दिनांक 12/09/2024 को दोपहर 12.00 बजे से किया जायेगा। सूचना संस्था के समस्त सदस्यों को स्पीड पोस्ट/साधारण डाक द्वारा पृथक से प्रेषित की गई है।

संगीता मीना,
रजिस्ट्रीकरण अधिकारी,
तकनीकी विद्युत कर्मचारी सहकारी साख संस्था मर्यादित भोपाल
1719

कार्यालय नैनागिरी गृह निर्माण सहकारी संस्था मर्यादित, भोपाल
(पंजीयन क्रमांक/डी.आर.बी./407, दिनांक 30.05.1984)
पता-नैनागिरी सामुदायिक भवन, जे.के. रोड, नरेला शंकरी, भोपाल (म.प्र.)
पिन-462022
क्रमांक/एजीएम/2024/क्यू
दिनांक : 03.09.2024

वार्षिक साधारण आमसभा की सूचना

नैनागिरी गृह निर्माण सहकारी समिति मर्यादित, भोपाल के समस्त सम्माननीय सदस्यों को सूचित किया जाता है कि संस्था की वार्षिक साधारण आमसभा दिनांक 22.9.2024, दिन रविवार को स्थान-नैनागिरी सामुदायिक भवन, जे.के. रोड, नरेला शंकरी, भोपाल पर समय प्रातः 10:30 बजे आयोजित की गई है, जिसमें आपकी उपस्थिति प्रार्थनीय है। सदस्यों को आमसभा की सूचना पृथक से डाक द्वारा प्रेषित कर दी गई है।

जे. एल. शुक्ला, अध्यक्ष
नैनागिरी गृह निर्माण सहकारी संस्था मर्यादित, भोपाल
1720

न्यायालय नायब तहसीलदार तहसील कोलार जिला भोपाल (म.प्र)
प्रकरण क्रमांक 1947/अ-6/24-25

उद्घोषणा पत्र

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक अनीता रिछारिया पत्नी रमेश चन्द्र रिछारिया निवासी भोपाल। म.प्र.भू.रा. संहिता 1959, की धारा 109, 110 के अंतर्गत आवेदन पत्र प्रस्तुत कर रजिस्टर्ड विक्रय क्र./वसीयत/दान दिनांक ग्राम कोटरा प.ह.न. स्थित भूमि खसरा नं. 137 के अंश भाग पर स्थित भूखंड 100 रकवा 66.91 वर्गमीटर भूमि का नामांतरण राजस्व अभिलेखों में आवेदक के नाम पर किये जाने का अनुरोध किया है। उक्त संबंध में किसी व्यक्ति/संस्था को कोई आपत्ति हो तो वह 19/09/2024 को या इससे प